University in News on 21 October 2020

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# चार जिलों के कॉलेज एलयू से जोड़ने का आदेश जारी

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय का दायरा चार जनपद तक फैलने के आदेश ने अब गति पकड़नी शुरू कर दी है। शासन ने इस संबंध में लविवि को पत्र भेज दिया है। पत्र मिलने के बाद लविवि अब कानपुर विश्वविद्यालय से समन्वय कर हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर और रायबरेली के कॉलेजों को लविवि से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर देगा। यह प्रक्रिया अगले महीने पूरी होने की संभावना है। इन जनपदों के कॉलेजों की फाइलें भले ही लविवि को मिल जाएंगी पर इस सत्र में दाखिले की प्रक्रिया शुरू होने की वजह से इनके विद्यार्थी लविवि से अगले सत्र में ही जुड़ पाएंगे।

उतर प्रदेश सरकार ने लखनऊ विश्वविद्यालय का दायरा लखनऊ से बढ़ाकर चार अन्य जनपदों तक कर दिया है। अभी तक हरदोई, लखीमपुर, सीतापुर और रायबरेली जनपद के कॉलेज कानपुर विवि से संबद्ध थे। कैबिनेट में इसका आदेश पास हो चुका है तथा गजट में नोटिफिकेशन भी हो चुका है। लविवि को इस संबंध में अभी तक कोई लिखित आदेश नहीं मिला था। इस वजह से कॉलेजों की फाइलें हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी थी। मंगलवार को लविवि को इसका आदेश मिल गया है। अब कॉलेज ट्रांसफर करने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी।

**अगले माह शुरू होगी कॉलेजों की फाइलें प्राप्त करने की प्रक्रिया**



**कानपुर विवि से करेंगे बात**

“ शासन से लखनऊ विश्वविद्यालय का दायरा चार अन्य जनपदों तक बढ़ाने का आदेश प्राप्त हो गया है। इस पत्र के आधार पर कानपुर विवि से समन्वय किया जाएगा। इसके बाद चार जनपदों के कॉलेजों की फाइलें प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यह काम अगले महीने होने की संभावना है। - **डॉ. विनोद कुमार सिंह, कुलसचिव, लविवि**

## वीसी-कुलसचिव एकादश में होगा मैच

**लखनऊ।** लविवि में शताब्दी समारोह के तहत एक नवंबर को कुलपति और कुलसचिव एकादश के बीच मैच होगा। यह मैच लविवि एथलेक्टिस एसोसिएशन की ओर से विवि क्रीड़ांगन में होगा। एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. नीरज जैन ने बताया कि लविवि के शिक्षक और कर्मचारी इस मैच के लिए 24 अक्तूबर तक चेयरमैन के पास अपना नाम दे सकते हैं।

NBT PAGE 6


# बीएड काउंसलिंग 19 से होगी

## सभी विश्वविद्यालयों को रिजल्ट जारी करने का अल्टीमेटम दिया

### एलयू प्रशासन ने साफ किया अब नहीं बढ़ाई जाएगी डेट

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित बीएड प्रवेश परीक्षा की काउंसलिंग का पहला चरण 19 नवंबर से शुरू होगा। वहीं बीएड का नया सत्र भी 10 दिसंबर से शुरू हो जाएगा। एलयू की बीएड कॉर्डिनेटर डॉ. अमिता वाजपेई ने मंगलवार को यह जानकारी दी। डॉ. वाजपेई ने बताया कि 19 नवंबर के बाद एलयू प्रशासन विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को और समय नहीं देगा। इसके लिए सभी यूनिवर्सिटीज के रजिस्ट्रार को अल्टीमेटम दिया जा रहा है।

बता दें कि कई विश्वविद्यालयों के पीजी व यूजी फाइनल इयर के रिजल्ट घोषित न होने की वजह से एलयू ने बीएड की काउंसलिंग की तारीख दो बार आगे बढ़ाकर 19 नवंबर कर दी है। वहीं अब एलयू किसी को भी ज्यादा एक्सटेंशन देने के मूड में नहीं है। एलयू की ओर से आगरा, कानपुर व मेरठ समेत कई विश्वविद्यालयों को जल्द रिजल्ट घोषित करने का अल्टीमेटम दिया जा रहा है। बता दें कि एक लाख 20 हजार छात्र हैं, जिन्होंने बीएड परीक्षा दी थी वो



यूजी व पीजी के अंतिम वर्ष के स्टूडेंट्स थे। रिजल्ट घोषित न होने की वजह से वे काउंसलिंग में सम्मिलित होने से वंचित रह जाते।

**प्रथम चरण में भरेंगी 90 फीसद सीटें :** डॉ. वाजपेई ने बताया कि पहला फेज 19 नवंबर से नौ दिसंबर तक चलेगा। इसके बाद हम 10 दिसंबर से नया सत्र शुरू कर देंगे। इसमें लगभग 90 फीसदी सरकारी, एडेड कॉलेजों की सीटें भर जाएगी। इसके बाद 12 से 19 दिसंबर तक पूल काउंसलिंग होगी। वहीं 26 से 30 दिसंबर तक डायरेक्ट काउंसलिंग होगी, जिसमें सेल्फ फाइनेंस कॉलेज में एडमिशन दिया जाएगा। बता दें कि बीएड में कुल दो लाख 15 हजार सीटें हैं।

## एलयू के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति हो सकते हैं मुख्य अतिथि

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ यूनिवर्सिटी इस साल का दीक्षांत समारोह नवंबर के बाद करवाने की तैयारी कर रहा है। इस साल दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद हो सकते हैं। इसके लिए एलयू प्रशासन ने राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति को आमंत्रण भेजा है। राष्ट्रपति की ओर से तारीख तय होते ही दीक्षांत की तारीख तय हो जाएगी। बता दें कि इस साल एलयू दीक्षांत समारोह को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से करने की तैयारी कर रहा है। विवि के सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रपति वर्चुअल तौर पर ऑनलाइन माध्यम से समारोह में जुड़ सकते हैं। इसके अलावा शताब्दी वर्ष समारोह में एलयू ने काफी पहले ही मुख्य अतिथि के तौर पर पीएम को पत्र भेज दिया है।

## पीजी फाइनल स्टूडेंट्स और रिसर्च स्कॉलर 22 अक्टूबर तक हॉस्टल के लिए करें आवेदन

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने परास्नातक पाठ्यक्रमों के सेकेंड इयर के स्टूडेंट्स और पीएचडी रिसर्च स्कॉलर के लिए हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन दोनों ही पाठ्यक्रमों के स्टूडेंट्स को 22 अक्टूबर तक विवि की वेबसाइट से ऑनलाइन हॉस्टल आवंटन का आवेदन फॉर्म डाउनलोड कर उसे भरना होगा। इसके बाद इन पाठ्यक्रमों के स्टूडेंट्स को दोबारा से हॉस्टल आवंटन कर दिया जाएगा। यह आदेश विवि की चीफ प्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पांडेय ने मंगलवार को जारी किया। उन्होंने बताया कि दशहरा की छुट्टियों के बाद 26 अक्टूबर से परास्नातक पाठ्यक्रमों के सेकेंड इयर के स्टूडेंट्स और पीएचडी स्टूडेंट्स को हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

i-NEXT PAGE II

## एलयू बनेगा नो व्हीकल जोन

**LUCKNOW :** एलयू को नो व्हीकल जोन बनाने के लिए प्रॉक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने मंगलवार को आदेश जारी कर दिए हैं. एलयू परिसर में वाहन प्रवेश पर रोक है. इसके अलावा प्रॉक्टर ने उन्ही शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व दिव्यांग स्टूडेंट्स के वाहन प्रवेश की अनुमति दी है, जिनको एलयू प्रशासन की ओर से वाहन पास जारी किए गए हैं. इन लोगों को वाहन केवल गेट संख्या 2 से अंदर लाने की अनुमति होगी. वहीं सभी अधिकारी, शिक्षक व कर्मचारी अपने विभाग के पास स्थित बने स्टैंड में अपने वाहन पार्क करें, बहुत जरूरी काम होने पर ही वाहन से अंदर आएं अन्यथा स्टैंड में वाहन खड़ा करें. अगर अनाधिकृत तौर पर कोई भी स्टूडेंट्स वाहन के साथ परिसर में घूमता मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

## 22 तक हॉस्टल के लिए आवेदन

लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज के सेकंड ईयर के स्टूडेंट्स और पीएचडी रिसर्च स्कॉलर के लिए हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है. दोनों ही कोर्सेज के स्टूडेंट्स को 22 अक्टूबर तक यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से ऑनलाइन हॉस्टल आवंटन का आवेदन फॉर्म डाउनलोड कर उसे भरना होगा. इसके बाद इन कोर्सेज के स्टूडेंट्स को दोबारा से हॉस्टल आवंटन कर दिया जाएगा. यह आदेश यूनिवर्सिटी की चीफ प्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पांडेय ने जारी किया. उन्होंने बताया कि दशहरा की छुट्टियों के बाद 26 अक्टूबर से पीजी कोर्सेज के सेकंड ईयर के स्टूडेंट्स और पीएचडी स्टूडेंट्स को हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. एलयू ने पीजी और पीएचडी स्टूडेंट्स को रिसर्च, लैब और लाइब्रेरी के लिए कैम्पस बुलाना शुरू कर दिया है.

i-NEXT PAGE 4

# बीएड का नया सेशन दस दिसंबर से, 19 से काउंसिलिंग

**19 नवंबर से नौ दिसंबर तक काउंसलिंग का पहला फेज**

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (20 Oct):** एलयू की ओर से आयोजित बीएड एंट्रेंस एग्जाम की काउंसिलिंग का पहला चरण 19 नवंबर से शुरू होगा. बीएड का नया सेशन 10 दिसंबर से शुरू हो जाएगा. यह जानकारी मंगलवार को एलयू की बीएड कॉर्डिनेटर डॉ. अमिता बाजपेई ने दी. 19 नवंबर के बाद एलयू प्रशासन यूनिवर्सिटी, कॉलेजों को और समय नहीं देगा. इसके लिए सभी यूनिवर्सिटीज के रजिस्ट्रार को अल्टीमेटम दिया जा रहा है.

**भेजा अल्टीमेटम**

कई यूनिवर्सिटी के पीजी व यूजी फाइनल ईयर के रिजल्ट घोषित न होने से एलयू ने बीएड काउंसिलिंग की डेट आगे बढ़ा 19 नवंबर कर दी है. एलयू रिजल्ट घोषित न करने वाले यूनिवर्सिटी को और ज्यादा एक्सटेंशन देने के मूड में नहीं है. एलयू की ओर से आगरा, कानपुर व मेरठ की यूनिवर्सिटी को रिजल्ट घोषित करने का अल्टीमेटम दिया जा रहा है. एक लाख 20 हजार बच्चे जिन्होंने बीएड परीक्षा दी थी वो यूजी व पीजी में अपियरिंग थे. रिजल्ट घोषित न होने की वजह से वे काउंसिलिंग में सम्मिलित होने से वंचित रह जाते. इसका एक बड़ा कारण इन सभी यूनिवर्सिटी में ट्रेडिशनल मैथर्ड से परीक्षा का आयोजन कराया जाना माना जा रहा है. एलयू ने इस बार एमसीक्यू पैटर्न पर परीक्षा करवाई थी, जिसकी वजह से रिजल्ट जल्दी घोषित हो गए थे.



**जारी नहीं हुआ शेड्यूल**

पहली काउंसिलिंग के पहले चरण में एक से 50 हजार रैंक तक बच्चों की काउंसिलिंग होगी, दूसरे फेज में 50 से एक लाख 40 हजार तक फिर एक लाख 40 हजार से ढाई लाख रैंक तक के स्टूडेंट्स बाद में ढाई से आगे तक की रैंक के स्टूडेंट्स लिए जाएंगे. हालांकि अभी एलयू ने इसका शेड्यूल जारी नहीं किया है. शेड्यूल के लिए अभी मीटिंग की जाएगी. वहीं अगर अल्टीमेटम के बाद भी कोई कॉलेज स्टूडेंट्स का रिजल्ट घोषित नहीं करते हैं तो इसके जिम्मेदार वे खुद होंगे. उन्हें अब कोई रिलेक्सेशन नहीं दिया जाएगा.

**भरेंगी 90 फीसद सीटें**

पहला फेज 19 नवंबर से नौ दिसंबर तक चलेगा. इसके बाद 10 दिसंबर से सेशन शुरू कर देंगे. इसमें लगभग 90 फीसद सरकारी, एडेड कॉलेजों की सीटें भर जाएगी. इसके बाद 12 से 19 दिसंबर तक पूल काउंसिलिंग होगी. वहीं 26 से 30 दिसंबर तक डायरेक्ट काउंसिलिंग होगी, जिसमें सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एडमिशन लेंगे.

## यूनिवर्सिटी के दीक्षांत के साक्षी बनेंगे राष्ट्रपति!

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (20 Oct):** लखनऊ यूनिवर्सिटी इस साल 2020 का दीक्षांत नवंबर के बाद कराने की तैयारी कर रहा है. इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं. इस साल दीक्षांत के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद हो सकते हैं. इसके लिए एलयू प्रशासन ने राज्यपाल के जरिये राष्ट्रपति को आमंत्रण भेजा है. राष्ट्रपति की ओर से तारीख तय होते ही दीक्षांत की तारीख तय हो जाएगी. इस साल एलयू दीक्षांत ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह से समारोह का आयोजन करने की तैयारी कर रहा है. यूनिवर्सिटी के सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रपति वर्चुअल तौर पर ऑनलाइन माध्यम से समारोह में जुड़ सकते हैं. इसके अलावा शताब्दी वर्ष समारोह में एलयू ने काफी पहले ही मुख्य अतिथि के तौर पर पीएम को पत्र भेज दिया है.

**गवर्नर के जरिये भेजा आमंत्रण.**

VOICE OF LUCKNOW PAGE 4

## हॉस्टल के लिए 22 तक करना होगा आवेदन

**लखनऊ।** लविवि प्रशासन ने परास्नातक पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के छात्र और पीएचडी रिसर्च स्कॉलर के लिए हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दिया हैं। दोनों ही कोर्स के छात्रों को 22 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ऑनलाइन हॉस्टल आवंटन का आवेदन फॉर्म डाउनलोड कर उसे भरना होगा। इसके बाद इन कोर्स के छात्रों को दोबारा से हॉस्टल आवंटन कर दिया जायेगा। यह आदेश लविवि की चीफ प्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पांडेय ने जारी किया। उन्होंने बताया कि दशहरा की छुट्टियों के बाद 26 अक्टूबर से पीजी कोर्स के द्वितीय वर्ष के छात्रों और पीएचडी छात्रों को हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। ज्ञात हो कि लविवि ने पीजी और पीएचडी छात्रों को रिसर्च, लैब और लाइब्रेरी के लिए परिसर में बुलाना शुरू कर दिया हैं।

PIONEER PAGE 3 & 4

# 19 नवम्बर से शुरू होगी काउंसिलिंग 10 दिसम्बर से बीएड का नया सत्र

### बीएड में कुल दो लाख 15 हजार सीटें हैं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश भर** में बीएड संचालित कालेजों में दाखिले को लेकर काउंसलिंग की प्रक्रिया 19 नवम्बर से शुरू होगी। जबकि बीएड का सत्रारम्भ 10 दिसम्बर से शुरू होगा। मंगलवार को यह जानकारी बीएड एंट्रेंस एग्जाम 2020 की स्टेट नोडल कोआर्डिनेटर प्रो अमिता बाजपेई ने दी है। डॉ बाजपेई ने बताया कि पहले चरण की काउंसलिंग 19 नवंबर से नौ दिसंबर तक होगी। इसके अगले दिन 10 दिसंबर से नया सत्र शुरू हो जाएगा। इसमें लगभग 90 फीसद सरकार, एडेड कॉलेजों की सीटें भर जाएंगी। इसके बाद 12 से 19 दिसंबर तक पूल काउंसिलिंग आयोजित होगी। वहीं 26 से 30 दिसंबर तक डायरेक्ट काउंसिलिंग होगी जिसमें सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एडमिशन लेंगे। बता दें कि बीएड में कुल दो लाख 15 हजार सीटें हैं। पहली काउंसिलिंग के प्रथम चरण में एक से 50 हजार रैंक तक बच्चों की काउंसिलिंग होगी, दूसरा फेज 50 से एक लाख 40 हजार तक, फिर एक लाख 40 हजार से ढाई लाख रैंक तक के अभ्यर्थी, बाद में ढाई लाख से आगे तक की रैंक के बच्चे लिए जाएंगे। हालांकि अभी एलयू ने इसका शैड्यूल जारी नहीं किया है। प्रो बाजपेई ने बताया कि शैड्यूल के लिए अभी मीटिंग की जाएगी।

## समय पर रिजल्ट घोषित करें राज्य विश्वविद्यालयः लविवि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आगामी 19 नवम्बर से शुरू हो रही बीएड काउंसलिंग को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों को पत्र लिखा है। विवि की तरफसे भेजे गए पत्र में विश्वविद्यालयों से अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम काउंसलिंग से पूर्व घोषित करने को कहा है। जिससे पहले चरण की काउंसलिंग में मेधावी छात्रों को मनमाफिक कालेज चुनने का मौका मिल सके। इससे पूर्व रिजल्ट को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय दो बार काउंसलिंग की तिथि को आगे बढ़ा चुका है। ऐसे में एक बार फिर से 19 नवम्बर से निर्धारित बीएड काउंसलिंग को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय गम्भीर है। जिसको देखते हुए अब एलयू किसी भी तरह रिजल्ट घोषित न करने वाले विश्वविद्यालयों को और ज्यादा एक्सटेंशन देने के मूड में नहीं है। एलयू की ओर से आगरा, कानपुर व मेरठ के विश्वविद्यालयों को रिजल्ट घोषित करने का अल्टीमेटम दिया जा रहा है।

## लविवि में हॉस्टल के लिए 22 अक्टूबर तक आवेदन करना होगा

**लखनऊ।** लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज के सेकेंड इयर के स्टूडेंट्स और पीएचडी रिसर्च स्कॉलर के लिए हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी हैं। दोनों ही कोर्सेज के स्टूडेंट्स को 22 अक्टूबर तक यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से ऑनलाइन हॉस्टल आवंटन का आवेदन फॉर्म डाउनलोड कर उसे भरना होगा। इसके बाद इन कोर्सेज के स्टूडेंट्स को दोबारा से हॉस्टल आवंटन कर दिया जाएगा। मंगलवार को इस बारे में जानकारी देते हुए विवि की चीफप्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पांडेय ने बताया कि दशहरा की छुट्टियों के बाद 26 अक्टूबर से पीजी कोर्सेज के सेकेंड इयर के स्टूडेंट्स और पीएचडी स्टूडेंट्स को हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

HINDUSTAN PAGE 6

## छात्रावास के लिए 22 तक आवेदन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने छात्रावास आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने मंगलवार को इस विषय में सूचना जारी की है। फिलहाल, यह सुविधा सिर्फ प्रयोगात्मक कक्षाओं वाले पीजी तृतीय सेमेस्टर और पीएचडी शोधार्थियों के लिए ही उपलब्ध है। आवेदन फार्म 22 अक्तूबर तक भरना है। आवेदन फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि दशहरा अवकाश के बाद 26 अक्तूबर से आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए छात्र वेबसाइट देख सकते हैं।

TOI PAGE 4

# Glaciers retreating but rate falling: Prof

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** The all-India online lecture series in Hindi being organised by the Union ministry of earth sciences to spread awareness about science began on Tuesday.

The inaugural lecture was delivered online by Lucknow University's professor of geology Dhruvsen Singh.

Prof Singh, who was part of India's first and second expedition to the Arctic in 2007 and 2008, spoke on 'Gangotri Glacier and Climate Change: Natural or Anthropogenic'.

"All glaciers of the Himalaya are retreating at different rates, but at the same time, some are also advancing, which indicates that global warming is not the only reason behind the glacier retreat. However, some extreme climatic events due to global warming have created panic. We need thorough research to find out anthropogenic/natural factors behind the glacier retreat," he said.

"The Gangotri glacier's pattern of retreat since 1935 shows that it is decreasing, but at the same time, the rate of retreat is continuously declining. Glaciers will melt/retreat whenever temperature is more than zero degree Celsius, but the decreasing rate of retreat is contrary to the panic created over the issue by many organizations," he explained.